



नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 07 मई, 2026

## एक नजर में



### 200 सवालों का जवाब देकर खंडेलवाल बने स्टेट चैम्पियन

**भैरूंदा.** बीते दिनों इंदौर में आयोजित हुई 21 वीं यूसीमास स्टेट लेवल प्रतियोगिता में क्षेत्र के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी सफलता का परचम लहराया है. इस प्रतियोगिता में रौनक खंडेलवाल ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैंपियन का खिताब अपने नाम कर शहर का गौरव बढ़ाया है. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रौनक पिता पंकज खंडेलवाल ने अपनी गणितीय गणना की गति से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया. उन्होंने मात्र 8 मिनट में गणित के 200 कठिन सवालों को हल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. प्रतियोगिता में रौनक के अलावा क्षेत्र के अन्य प्रतिभावान छात्रों अक्षत शर्मा, ऋषभ शर्मा, काव्या यादव, रियांश यादव, हृदयांश यादव और भावेश पाटिल ने मैरिट पोजीशन हासिल कर शहर का मान बढ़ाया.



### जनगणना के कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

**आष्टा.** नपा में जनगणना 2027 की तैयारियों के अंतर्गत संचालित एचएलबी कार्य को समय-सीमा के भीतर और शत-प्रतिशत पूर्ण करने वाले कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया. चार्ज अधिकारी एवं सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों प्रियंका करोरिया, उपयंत्री अनिल धुर्वे, प्रगणक सुनील कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती रईसा शाह को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर राजस्व प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, राकेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे.



### सुई से बेखौफ होकर खिलौनों से खेलेंगे बच्चे

**भैरूंदा.** अस्पताल का नाम सुनते ही अक्सर बच्चों के मन में डर और घबराहट पैदा हो जाती है, लेकिन सिविल अस्पताल भैरूंदा ने इस डर को मुस्कुराहट में बदलने के लिए एक संवेदनशील पहल की है. अब अस्पताल में जांच या ब्लड टेस्ट के दौरान बच्चों को खिलौने दिए जाएंगे, ताकि वे सहज महसूस कर सकें और खेल-खेल में उनकी जांच पूरी हो सके. इस नई शुरुआत का श्रेय लैब स्टाफ को जाता है. स्वास्थ्य कर्मियों ने महसूस किया कि खून के नमूने लेते समय या अन्य जांचों के दौरान बच्चे डर जाते हैं और रोने लगते हैं. बच्चों के इस मानसिक तनाव को कम करने और उन्हें अस्पताल के माहौल के प्रति सकारात्मक बनाने के उद्देश्य से स्टाफ ने स्वयं के स्तर पर यह सराहनीय पहल शुरू की है.



### नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहन को किया रवाना

**आष्टा.** आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रचार प्रसार एवं नागरिकों को जागरूक किए जाने हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष जिला न्यायाधीश विजय डांगी, न्यायाधीश महेश कुमार चौहान, न्यायाधीश श्रीमती मीनाक्षी रावत न्यायाधीश सुश्री प्रीति अग्रवाल, न्यायाधीश अमन सूलिया, न्यायाधीश श्रीमती ऋचा शर्मा द्वारा रवाना किया गया. इस अवसर पर रमेश सिंह उप महाप्रबंधक मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड, समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे.



### 10 मई को भेरूंदा में जुटेंगे भाजपा के दिग्गज

**भेरूंदा.** आगामी 10 मई को दशहरा मैदान में एक ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है. इसमें केंद्रीय कृषि मंत्री एवं जननायक शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. आयोजन की भव्यता सुनिश्चित करने के लिए भाजपा के पूर्व महामंत्रराजेश लखेरा ने ग्राम पंचायत निमना गांव का प्रवास किया. बैठक को संबोधित करते हुए लखेरा ने ग्रामीणों से भेरूंदा पहुंचने का आह्वान किया. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री श्रशिवराज सिंह चौहान के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. और केंद्रीय कृषि मंत्री के निज सचिव प्रवीण सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं. उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आगमन, निर्गमन, पेयजल, बैरिकेडिंग, पार्किंग, फायर ब्रिगेड, यातायात, बैठक व्यवस्था एवं साफ सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

# स्टोरेज की कमी, तौल प्रक्रिया धीमी, लगी कतारें

## तय तारीख से पहले उपज लेकर किसान पहुंच रहे खरीदी केन्द्र, अधिकांश केन्द्रों पर दिख रहीं कतारें

- उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटों की संख्या कम से भी दिक्कतें
- उपज बेचने के बाद अब किसान भुगतान के लिए परेशान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 6 मई. समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान जिले में अव्यवस्था की स्थिति बनती जा रही है. स्लॉट बुकिंग के बावजूद किसान तय तारीख से पहले ही उपज लेकर खरीदी केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, जिससे ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लग रही हैं. वहीं कई केंद्रों पर स्टोरेज की कमी और धीमी तौल प्रक्रिया से भी परेशानी बढ़ रही है.**



**सीहोर.** उपार्जन कार्य में धीमी तुलाई प्रक्रिया के चलते अधिकांश केन्द्रों के बाहर उपज से लदी ट्रालियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं.

जिले में इन दिनों समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी जोरों पर है, लेकिन व्यवस्था की कमी और किसानों की जल्दबाजी के कारण कई खरीदी केंद्रों पर हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं. स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था होने के बावजूद किसान दो-दो दिन पहले ही उपज लेकर पहुंच रहे हैं, जिससे केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं. भीषण गर्मी के बीच ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरी उपज के साथ इंतजार कर रहे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

बुधवार को आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने टीम के साथ इछावर और भैरूंदा क्षेत्र के खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान कई केंद्रों पर अव्यवस्था सामने आई. कतारों में वो किसान भी खड़े मिले जिनका स्लॉट दो से तीन दिन बाद का था, लेकिन वे पहले ही पहुंच गए थे. अधिकारियों ने किसानों को समझाइश दी कि वे निर्धारित तारीख पर ही उपज लेकर आएं, ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे.

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ खरीदी केंद्रों पर तौल कांटे कम चलाए जा रहे हैं, जिससे खरीदी की गति धीमी हो रही है. भैरूंदा के श्रीराम वेयर हाउस और मुकाती वेयर हाउस में विशेष रूप से अधिक भीड़ देखने को मिली. मुकाती वेयर हाउस पर दो सोसायटियों के किसान उपज लेकर पहुंच रहे हैं, जिससे वहां दबाव ज्यादा है. अधिकारियों ने तौल कांटों की संख्या बढ़ाने और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए. चकल्दी क्षेत्र के खरीदी केंद्रों का भी निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए.

इछावर के अष्ट विनायक वेयर हाउस पर बुधवार को लंबी कतारें लगी रहीं. यहां 7, 8 और 9 मई के स्लॉट वाले किसान भी पहले ही पहुंच गए थे. अधिकारियों ने इसे अव्यवस्था का मुख्य कारण बताते हुए किसानों को सख्ती से निर्धारित स्लॉट का पालन करने की सलाह दी.

आष्टा क्षेत्र में कई वेयर हाउस पूरी तरह भर चुके है. अतिरिक्त स्टोरेज की व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रशासन ने यहां से गेहूं का परिवहन शुरू कर दिया है. अब तक 15 गाड़ियों के जरिए 3750 क्विंटल गेहूं का परिवहन किया जा चुका है. जिन केंद्रों पर भंडारण क्षमता पूरी हो चुकी है, वहां से लगातार परिवहन कराया जा रहा है ताकि खरीदी प्रक्रिया बाधित न हो और किसानों को राहत मिल सके. खरीदी के आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक जिले में लगभग 65 हजार किसानों से 4 लाख 20 हजार टन गेहूं खरीदा जा चुका है, जबकि इस वर्ष 7 लाख टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. वहीं करीब 92 हजार किसान स्लॉट बुक करा चुके हैं. हालांकि भुगतान की स्थिति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है. अब तक 1096 करोड़ रुपये का गेहूं खरीदा जा चुका है, लेकिन किसानों के खातों में केवल 688 करोड़ रुपये ही पहुंच पाए हैं. यानी कुल भुगतान का मात्र 63 प्रतिशत ही किसानों को मिल सका है. शेष राशि के इंतजार में किसान आर्थिक दबाव झेल रहे हैं और जल्द भुगतान की मांग कर रहे हैं.

### जिले के कई वेयर हाउस उपज से हुए खचाखच

जिले के जावर और इछावर क्षेत्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान व्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ गया है. कई वेयरहाउस उपज से भरने की स्थिति में पहुंच चुके हैं, जिससे किसानों को तौल के लिए 3 से 5 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा था. नादान स्थित नारंग वेयरहाउस पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी रहीं, जहां पहले 4 कांटों से तौल हो रही थी, अब दो और कांटे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं. रिद्धि वेयरहाउस भरने के कारण वहां के किसानों को भी यहीं शिफ्ट किया गया, जिससे भीड़ और बढ़ गई. रामनगर के लक्ष्मी वेयरहाउस में भी करीब 30 ट्रॉलियां खड़ी मिलीं, जहां एक अतिरिक्त कांटा लगाने को कहा गया. जावर में सबसे अधिक समस्या बनी हुई है, क्योंकि यहां कई वेयरहाउस पूरी तरह भर चुके हैं और आसपास वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है. इछावर के अनंत और मां शारदा वेयरहाउस में भी सीमित जगह बची है.

### राय की पहल से गांवों में बिछेगा सड़कों का जाल



**सीहोर.** केंद्र सरकार से विधायक सुदेश राय ने सड़के स्वीकृत करा ली हैं. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़कों का निर्माण होगा. विधायक सुदेश राय ने ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी है. क्षेत्र के 30 गांव इस योजना से जुड़ेंगे. निर्माण पर 31 करोड़ 22 लाख रुपए खर्च होगा. कुल 16 ग्रामीण सड़कें बनाई जाएंगी. यह सड़कें कुल 41, किलोमीटर लम्बी होंगी. विधायक सुदेश राय की विशेष अनुशंसा पर केंद्रीय ग्रामीण विकास किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है. यह सड़के मुहाली से टिकली बंजारी, हथियाखेड़ा से बुगलीवाली, रावनखेड़ा से पान बिहार रोड से पठार, सेमरादांगी से छेवटा मोहल्ला, सिराडी से माना टोला, सोंठी से पुरा, श्यामपुर से बिछिया रोड, अचारपुरा, पाटन से आमखजूर, चांदबड़ से मगरखेडा रोड पतलोन तक, गोपालपुरा से राम नगर, बरखेड़ी दोराहा से हरिपुरा, मुंडलाकलां से खारचा बस्ती, दोराहा खाईखेड़ा रोड राम नगर कॉलोनी तक, मुरख्तारनगर नगर से पहिया टोला, अहमदपुर से पारासोन रोड झिरी गुर्जर मोहल्ले तक बनाई जाएंगी.

## 10वीं, 12वीं द्वितीय अवसर परीक्षा आज से

नवभारत न्यूज

**सीहोर 6 मई.** हाईस्कूल-हायर सेकंडरी छात्रों के लिए एमपी बोर्ड की दूसरा अवसर परीक्षा गुरुवार से शुरु होना है. मंगलवार को जिले के 6 केंद्रों के लिए गोपनीय सामग्री पुलिस सुरक्षा में समन्वयक संस्था शास. उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 1 से बांटी गई थी. जिले में 6 केंद्रों पर कुल 4 हजार 354 परीक्षार्थी शामिल होंगे. हालांकि जिले में 961 विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होंने द्वितीय अवसर की परीक्षा का फार्म नहीं भरा.

इस साल 10वीं बोर्ड परीक्षा में 19778 विद्यार्थी शामिल हुए थे. इनमें से 88 छात्र अनुपस्थित रहे थे और 2987 विद्यार्थी फेल हुए थे. इसी तरह 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले में कुल 16101 छात्र शामिल हुए थे. इनमें से 63 अनुपस्थित रहे थे ओर 2187 परीक्षार्थी फेल हुए. ऐसे में कुल 5 हजार 315 परीक्षार्थियों को द्वितीय अवसर की परीक्षा में शामिल होना था. लेकिन 4 हजार 354 परीक्षार्थियों ने ही फार्म भरा. माशिमं के अनुसार दूसरे अवसर की परीक्षा में शामिल छात्रों की कॉपियों की जांच 23 मई से प्रारंभ होगा. इस बार छात्र संख्या कम है, इसलिए अनुमान है कि यह काम 10 दिन में निपट जाएगा। इसके बाद इतने ही दिन बोर्ड को रिजल्ट तैयार करने में लगेंगे. दूसरा रिजल्ट लगभग 10 जून तक घोषित हो सकता है। अंक सूचियों का वितरण 15 जून के बाद होने की संभावना है.

## चोरी करने वाले युवकों को ग्रामीणों ने रंगे हाथ दबोचा

- दिवड़िया के पंचायत भवन से कर रहे थे सामान चोरी
- आरोपियों की पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले किया

नवभारत न्यूज

**इछावर 6 मई.** तहसील के ग्राम दीवड़िया में मंगलवार रात ग्रामीणों की सतर्कता और साहस से एक बड़ी चोरी की वारदात टल गई. गांव के लोगों ने मौके पर दो बदमाशों को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया.

जानकारी के अनुसार, देर रात कुछ बदमाश गांव के मांगलिक भवन में रखे सामान को निशाना बना रहे थे. वे जनरेटर का कीमती



आर्मेचर, पानी की मोटर और दो पंखे चोरी कर ले जाने की कोशिश में थे. इसी दौरान खेत से लौट रहे एक सतर्क किसान की नजर उन पर पड़ गई. किसान ने तुरंत मोबाइल से सरपंच और अन्य ग्रामीणों को सूचना दी. सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और चारों ओर से घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को चोरी के सामान सहित पकड़ लिया. दोनों आरोपी गांव के ही निवासी बताए जाते हैं. पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 24 वर्षीय सरताज पिता शरीफ खां और 22 वर्षीय प्रदीप आ. मुकेश वर्मा को गिरफ्तार कर माल बरामद किया है और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है.

### आक्रोशित ग्रामीणों ने चोरों को दी अनोखी सजा

पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने आरोपियों की जमकर धुनाई कर दी. इसके बाद दोनों को उसी भारी-भरकम आर्मेचर से बांध दिया गया, जिसे वे चुराकर ले जाने की कोशिश कर रहे थे. घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर इछावर थाने ले गई. आरोपियों के पास से जनरेटर का आर्मेचर, एक मोटर और दो पंखे बरामद किए गए हैं। ग्राम पंचायत की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

## इंदौर नाका क्षेत्र के जलसंकट का किया निवारण

- नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया नवनिर्मित टंकी का लोकार्पण
- 84 लाख की लागत से निर्मित टंकी से होगा जलप्रदाय

नवभारत न्यूज

**सीहोर 6 मई.** इंदौर नाके क्षेत्र में 84 लाख की लागत से निर्मित नवीन पानी की टंकी का लोकार्पण किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ नल का वॉल खोलकर संपन्न हुआ.

इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि इंदौर नाका एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से पेयजल की समस्या बनी हुई थी. क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार पानी की मांग की जा रही थी, जिसे गंभीरता से लेते हुए नपा ने इस कार्य को



प्राथमिकता में शामिल किया और तय समयसीमा में पूर्ण कर आज जनता को समर्पित किया.

उन्होंने बताया कि इस अत्याधुनिक पानी की टंकी के प्रारंभ होने से क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ होग. इस योजना से लगभग 10 हजार से अधिक नागरिकों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा, जिससे उनकी दैनिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति सरल और सहज हो सकेगी.

नगर पालिका अध्यक्ष ने आगे कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए पेयजल, सड़क, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर लगातार कार्य किया जा रहा है.

हमारी प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं. कार्यक्रम में दामोदर राय, राजेंद्र सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, जल सभापति संतोष शाक्य, अर्जुन राठौर, राजेश माझी, नरेंद्र राजपूत कमलेश राठौर, मुकेश मेवाडा, कुशवाहा, कमलेश राठौर, आशीष गहलोत, सुदीप व्यास, इरफान खान लोकेंद्र वर्मा, मांगीलाल मालवीय आदि उपस्थित रहे.

## विशेष आधार सेवा शिविर नौ को रेहटी में

नवभारत न्यूज

**रेहटी/सलकनपुर 6 मई.** आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग द्वारा रेहटी उप डाकघर में 9 मई को विशेष आधार सेवा शिविर आयोजित किया जा रहा है. इस शिविर में क्षेत्रवासियों को आधार कार्ड से जुड़ी विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी.

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर का आयोजन शनिवारको प्रात: 8 बजे से सायं 6 बजे तक किया जाएगा. शिविर में नागरिक नए आधार कार्ड का नामांकन कराने के साथ-साथ पहले से बने आधार कार्ड में नाम, पता, मोबाइल नंबर, फोटो एवं अन्य आवश्यक जानकारियों का अद्यतन भी करा सकेंगे.

डाक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बच्चों के नए आधार पंजीयन एवं अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट की सुविधा पूर्णत: नि:शुल्क रहेगी, जबकि अन्य प्रकार के संशोधन एवं अपडेट के लिए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क देय होगा.

विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि आधार संबंधी सेवाओं का लाभ लेने हेतु वे अपने साथ सभी आवश्यक मूल दस्तावेज अवश्य लेकर आएं, ताकि नामांकन एवं अपडेट प्रक्रिया बिना किसी बाधा के पूर्ण की जा सके। डाक विभाग ने क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस जनहितकारी शिविर का लाभ उठाने की अपील की है.

### तेज आवाज में बज रहे डीजे को किया जब्त

**आष्टा.** पुलिस ने प्रतिबंध होने के बाद भी तेज आवाज में बजने वाले डीजे को जब्त करते हुए डीजे संचालक पर कार्रवाई की है. बीती रात तेज आवाज में बज रहे डीजे पर मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 7/15 के तहत कार्यवाही की गई. पुलिस की टीम द्वारा तेज आवाज में बज रहे कृष्णा डीजे वाहन बिना नंबर आयशर जिस पर डीजे व मिक्सर व सेटअप लगा हुआ था के संचालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम रोहित मेवाड़ा पिता जगदीश मेवाड़ा निवासी ग्राम अकोदिया जिला शाजापुर का होना बताया. जो बिना अनुमति के तेज आवाज में डीजे बजाते हुये पाये जाने पर संचालक के विरुद्ध कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर डीजे को ज़प्त किया गया.

**रोचक** ▶ श्रीराम जानकी मंदिर की भूमि से अवैध कब्जे हटाने भगवान श्री राम स्वयं थे अपीलकर्ता

## आखिरकार भगवान के आंगन से हटा अवैध कब्जा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 6 मई.** अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मामले की याद दिलाने वाला एक अत्यंत रोचक और चर्चित मामला सामने आया है. ग्राम बड़नगर स्थित श्रीराम जानकी अधिकारी मंदिर की बेशकीमती भूमि को प्रशासन ने अवैध कब्जे से मुक्त कराकर मंदिर प्रबंधन को सौंप दिया है. सबसे विशेष बात यह है कि देश के दूसरे सबसे चर्चित मामले के रूप में यहां स्वयं भगवान श्रीराम मुख्य अपीलकर्ता थे.

श्रीराम जानकी अधिकारी मंदिर के व्यवस्थापक महंत हरिदास गुरु गोपालदास ने बताया कि यह कानूनी विवाद पिछले करीब कई वर्षों से न्यायालय में चल रहा था. मंदिर की जमीन पर कुछ लोगों ने लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा था. मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वयं भगवान श्रीराम की ओर से न्याय की गुहार लगाई थी. न्यायाधीश ने साक्ष्यों के आधार पर भगवान श्रीराम के पक्ष में फैसला सुनाते हुए धारा 250 के अंतर्गत जमीन को कब्जा मुक्त करने के आदेश जारी किए थे.

न्यायालय के आदेश के परिपालन में बुधवार को तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची. आरआई धीरेंद्र वर्मा, पटवारी श्रीमती बबीता जैन एवं तहसील के अन्य कर्मचारियों ने आधुनिक मशीनों के माध्यम से जमीन की सटीक नपती की. पूरी कार्यवाही के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से थाना



कोतवाली का पुलिस बल तैनात रहा. औपचारिकताओं के बाद मौके पर ही जमीन का भौतिक कब्जा मंदिर के व्यवस्थापक महंत श्री हरिदास को सौंप दिया गया. यहां महंत रूपकिशोर दास भीलखेड़ा कालापीपल वाले, आचार्य पंडित संतोष भारद्वाज पीताम्बरा शक्ति मंदिर, वैसलाश राय, महेन्द्र राय आदि मौजूद थे. वर्षों पुराने इस विवाद के सुखद अंत और श्रीराम जी के पक्ष में न्याय होने पर श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है. प्रशासन व पुलिस के सहयोग से संपन्न हुई इस कार्यवाही की काफी चर्चा है.

### तार चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**इछावर.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दिवड़िया वितरण केंद्र में बिजली पोल गिराकर बुनियादी संरचना को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुँचाने और तार चोरी करने वाले अज्ञात असामाजिक तत्वों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है. गौरतलब है कि 04 मई की रात्रि को 33/11 केव्ही सतपिपलिया उपकेंद्र से निकलने वाली 11 केव्ही रतनपुर डीएलएफ लाइन पर ग्राम रामनगर से मोलगा के बीच असामाजिक तत्वों द्वारा 18 खंभों को क्षतिग्रस्त कर लगभग 5 किलोमीटर लंबी 11 केव्ही लाइन के तार चोरी कर ले गए. जिसके कारण ग्राम हालियाखेड़ी और मोलगा की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई है. कंपनी द्वारा इछावर थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है.